प्रेस नोट
दिनांक 10.11.2024

24 घण्टे के अन्दर थाना इटियाथोक पुलिस द्वारा लड़की के साथ दुराचार करने तथा उसका वीडियों बनाकर वायरल करने के आरोपी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार–

कार्यवाही:–
श्रीमान पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सदर सुश्री शिल्पा वर्मा के नेतृत्व में थाना इटियाथोक पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0–351/24, धारा 64(1),351(3),352 बीएनएस व 67ए आई0टी0 एक्ट से सम्बन्धित आरोपी सूरज पुत्र शिवबालक विश्वकर्मा नि0 ग्राम सिसई बहलोलपुर थाना इटियाथोक जनपद गोण्डा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 अदद रेडमी कम्पनी का मोबाइल फोन बरामद किया गया।

घटना का संक्षिप्त विवरण–
दिनांक 09.11.2024 को थाना इटियाथोक क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति द्वारा थाना इटियाथोक में लिखित तहरीर दी गयी कि विपक्षी सूरज पुत्र शिवबालक द्वारा मेरी लड़की के साथ दुराचार किया गया है तथा उसका वीडियों बनाकर वायरल कर दिया है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना इटियाथोक में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ। जिसमें थाना इटियाथोक पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए आरोपी अभियुक्त सूरत पुत्र शिवबालक को 24 घण्टे के अन्दर ग्राम तिन्नातारी जाने वाले मोड़ से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 अदद रेडमी कम्पनी का मोबाइल फोन बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना इटियाथोक पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त–
01. सूरज पुत्र शिवबालक विश्वकर्मा नि0 ग्राम सिसई बहलोलपुर थाना इटियाथोक जनपद गोण्डा।

पंजीकृत अभियोग–
01. मु0अ0सं0–351/24, धारा 64(1),351(3),352 बीएनएस व 67ए आई0टी0 एक्ट थाना इटियाथोक जनपद गोण्डा।

बरामदगी–
01. 01 अदद रेडमी कम्पनी का मोबाइल फोन।

गिरफ्तार कर्ता टीम–
01. प्र0नि0 शेषमणि पाण्डेय थाना इटियाथोक।
02. उ0नि0 धर्मराज शर्मा
03. हे0का0 संजय निषाद।
04. का0 श्रवण मिश्रा।

मीडिया सेल, गोण्डा।

प्रेस नोट

दिनांक 10.11.2024

परिवार परामर्श केन्द्र में 02 जोड़े एक साथ रहने को हुआ राजीः—

गोण्डा। रविवार जनपद गोण्डा के रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित परिवार परामर्श केन्द्र में पुलिस अधीक्षक गोंडा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में परामर्शदाताओं द्वारा बिछुडे जोड़ो की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया गया तथा 02 जोड़े को समझा बुझाकर सुखी जीवन जीने हेतु राजी कर लिया गया।

परिवार परामर्श केन्द्र में उपस्थिति सदस्यगण—

श्री गंगाधर शुक्ल, श्री शशि भारती, श्री राजमंगल मोर्या, श्रीमती संतोष ओझा, श्री अनीता श्रीवास्तव, उ0नि0 प्रियंका सिंह, म0आ0 ज्योति राजभर, म0आ0 नेहा सिंह, म0आ0 गायत्री सिंह, म0आ0 संध्या रावत आदि उपस्थित रही।

मीडिया सेल, गोंडा।